पहल | 20 हजार से अधिक लोगों को रोजगार की उम्मीद, जिलास्तरीय इनवेस्टर समिट आज

# अच्छे दिनों की आस, निवेशकों से 21 हजार करोड़ के प्रस्ताव प्राप्त

माई सिटी रिपोर्टर

आगरा। उद्योग धंधों के लिए तरस रहे शहर में अच्छे दिनों की आस जागी है। पर्यटन नगरी में निवेश के लिए 21,486 करोड़ रुपये के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनसे करीब 20 हजार लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। कोल्ड स्टोरेज, फूड एंड बेवरेज, अक्षय उर्जा, पर्यटन, शिक्षा, इलेक्ट्रिक सहित 15 श्रेणियों में निवेशकों की ओर से 141 इकाइयां स्थापित करने की योजना है।

निवेश के प्रस्तावों को अमलीजामा पहनाने के लिए सोमवार को क्लार्क शिराज होटल में आगरा इनवेस्टर समिट होगी। औद्योगिक विकास, निर्यात व निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल नंदी मुख्य अतिथि होंगे। उनके सामने आगरा व गैर राज्यों के निवेशक अपनी योजनाएं रखेंगे। सरकार की नीतियों, निवेश के आयाम, उद्यमियों की समस्याएं व सुविधाओं पर खुला संवाद होगा। संयुक्त आयुक्त उद्योग अनुज कुमार ने बताया कि ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 21,486 करोड़ रुपये के प्रस्ताव आए हैं। सबसे ज्यादा निवेश खाद्य एवं प्रसंस्करण, चर्म उद्योग, रियल एस्टेट और पर्यटन क्षेत्र में मिले हैं।

## नीरी की गाइडलाइन से आसान हुई राह

पर्यावरण दृष्टि से संवेदनशील ताज ट्रेपेजियम जोन (टीटीजेड) में प्रदूषणकारी उद्योगों को लेकर लंबे समय से अड़चन थी, जो नेशनल इंजीनियरिंग इनवॉयरनमेंट एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (नीरी) की सेक्टोरियल गाइडलाइन आने के बाद खत्म हो गई हैं। दिसंबर में नीरी ने 20 प्रदूषण स्कोर तक के उद्योगों को निर्धारित मानक पूर्ण करने पर स्थापना के लिए अनुमति दी है। इसका असर निवेश प्रस्तावों के रूप में सामने आ रहा है।

| श्रेणी | इकाई | निवेश राशि |
|---|---|---|
| अक्षय उर्जा | 08 | 15915 |
| फूड बेवरेज | 20 | 2294 |
| रियल एस्टेट | 25 | 945 |
| चर्म उद्योग | 18 | 796 |
| पर्यटन | 15 | 654 |
| शिक्षा | 19 | 303 |
| स्टोन | 08 | 218 |
| कोल्ड स्टोरेज | 14 | 111 |
| इलेक्ट्रिक | 05 | 101 |
| कांच उद्योग | 01 | 06 |
| लॉजिस्टिक | 01 | 33 |
| आर्गेनिक | 02 | 10 |
| प्लास्टिक | 02 | 82 |
| रिसाइकिल | 01 | 10 |
| कपड़ा | 02 | 08 |

(निवेश राशि करोड़ रुपये में)